# लोक शिक्षण संचालनालय
# छत्तीसगढ़

**(प्रथम तल, सी खण्ड, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर)**
**(दूरभाष कमांक 007–2331385 फैक्स कमांक 0771–2445215, ई–मेल– cg.dpi.dir@gmail.com)**

क्र./विद्या/19/छात्र सुरक्षा/2026/370 नवा रायपुर, दिनांक 15.07.2026

प्रति,

**1– समस्त संयुक्त संचालक**
शिक्षा संभाग छत्तीसगढ़।

**2– समस्त जिला शिक्षा अधिकारी**
छत्तीसगढ़।

**विषयः– समस्त विद्यालयों में शाला संचालन समयावघि एवं छुट्टी के समय सुरक्षा सुनिश्चित करने के संबंध में।**

----000----

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि, राज्य के समस्त विद्यालयों में शाला संचालन समयावघि एवं छुट्टी के समय छात्र–छात्राओं की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की अत्यंत आवश्यकता है। अक्सर यह देखा गया है कि विद्यालय में उचित देखरेख न होने के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। इसके अतिरिक्त, असावधानीवश किसी छात्र के कक्षा या शौचालय में बंद रह जाने जैसी अप्रिय घटनाएं भी संज्ञान में आती है, जो अत्यंत चिंताजनक है।

अतः छात्र–छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए निम्नलिखित निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराएंः–

1– प्रतिदिन विद्यालय बंद होने के पूर्व संस्था प्रमुख (Principal/Headmaster) यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी कक्षाओं, शौचालयों, प्रयोगशालाओं और खेल के मैदानों की गहन जांच कर ली गई है।

2– यह सुनिश्चित करने के बाद ही कमरों और मुख्य द्वार पर ताला लगाया जाए कि कोई भी छात्र परिसर के भीतर नहीं छूटा है। इस हेतु प्रत्येक विद्यालय में प्रतिदिन रोटेशन के आधार पर नोडल शिक्षक/कर्मचारी की ड्यूटी लगाई जाए, जो छुट्टी के समय पूरे परिसर का निरीक्षण कर ताला बंद करवाने के लिए व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होगा।

3– छुट्टी के समय मुख्य द्वार पर होने वाली भीड़ को नियंत्रित करने तथा विद्यार्थियों के सुरक्षित निकास के लिए गेट पर शिक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य की जाए।

4– विद्यालय प्रांगण में गड्ढे व खुला बोरवेल हो तो तत्काल बंद करवाने की कार्यवाही करें।

5– बारिश के मौसम में दीवारें गीली होने के कारण खुले विद्युत प्रवाह से होने वाली दुर्घटना से बचने के लिए विद्युत कनेक्शन भलीभांति चेक कर ठीक करावें। किसी भी स्थिति में विद्युत के तार खुले न रहें।

उपरोक्त निर्देशो का कड़ाई से पालन करवाना सुनिश्चित करें।

**संचालक**
**लोक शिक्षण छत्तीसगढ़**

क्र./विद्या/19/छात्र सुरक्षा/2026/371 नवा रायपुर, दिनांक 15.07.2026

**प्रतिलिपिः–**

सचिव, छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायुपर छ.ग.।

**संचालक**
**लोक शिक्षण छत्तीसगढ़**